प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जारी करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त, करीब साढ़े नौ करोड़ किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से डाले जायेंगे दो–दो हजार रुपये।
2. भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा–पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची तैयार, आजूस पार्टी और जदयू के साथ सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा सात या आठ अक्तूबर को।
3. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा में हुए शामिल, सरायकेला में झामुमो नेता पप्पू वर्मा ने भी समर्थकों के साथ थामा भाजपा का दामन।
4. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को छह दिसंबर तक चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश। और,
5. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लातेहार से एक इनामी नक्सली गिरफ्तार, देवघर में 11 साइबर अपराधी भी पकड़े गये।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त की राशि पूरे देश के किसानों के खाते में डालेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि डालेंगे।

****************

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दोहराया है कि भाजपा झारखंड विधानसभा का चुनाव आजसू पार्टी और जदयू के साथ मिलकर लड़ेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि आठ अक्तूबर तक सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा कर दी जायेगी।

****************

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद से विधायक कमलेश कुमार सिंह आज भाजपा में शामिल हो गये। रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के झारखंड चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर श्री सरमा ने कहा कि कमलेश सिंह के पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

इधर, भाजपा का दामन थामते ही कमलेश कुमार सिंह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर घुसपैठ और वादाखिलाफी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया की करनी और कथनी में काफी फर्क है।

****************

उधर, सरायकेला–खरसांवा जिले के चांडिल स्थित भालूकोचा मैदान में भी पार्टी की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान झामुमो नेता पप्पू वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संताल परगना से घुसपैठियों को खदेड़ दिया जायेगा।

****************

झारखंड कांग्रेस का प्रथम चरण का चुनावी अभियान आज से शुरू हो गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि पहले राज्य के 33 विधानसभा सीटों पर यह अभियान चलेगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के कांटा टोली स्थित ओवरब्रिज जनता को समर्पित कर दिया। उदघाटन समारोह में रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत कई सांसद और विधायक मौजूद थे। इस दौरान श्री सोरेन ने दो हजार चार सौ इकहतर करोड़ की 27 योजनाओं का शिलान्यास और सात सौ बानवे करोड़ की चार योजनाओं का उद्‌घाटन भी किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है।

****************

चुनाव आयोग ने आइएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने पर कड़ा एतराज जताया है। इस सिलसिले में आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इसे झारखंड हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है। आयोग ने मुख्य सचिव को हाईकोर्ट के छह दिसंबर, 2021 के आदेश का अनुपालन करने का कहा है, जिसमें उसने देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था। साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया है।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के संचालन एवं प्रबंधन में पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे आज रांची के निर्वाचन सदन में राज्य के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग से ड्यूटी पर लगे पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में स्पष्टता आएगी।

****************

देवघर वासियों को दिल्ली के लिए एक और रेल की सौगात मिलने वाली है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर आज सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत देने का निर्णय सुनाया। अदालत ने कहा कि जमानत पर रहने के दौरान वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करेंगे और बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ेंगे।

****************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया 6 दिसंबर तक हर हाल में पूरी करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति एसएन पाठक ने इस संदर्भ में दायर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। गौरतलब है कि राज्य के गृह सचिव ने अदालत में तीन महीने का अंडरटेकिंग दिया था। हालांकि नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। राज्य के सभी जिलों में करीब पांच हजार चौकीदारों की नियुक्ति होनी है।

****************

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना को लेकर लोगों को जागरुक करने के उदेश्य से आज रामगढ़ जिले में पीआईबी रांची की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जरेडा के बीके दास और आर्य दीप्ता जेना मौजूद रहे। पीआईबी के झारखंड प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि रूफ टॉप सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य गुलशन उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पर सरकार की ओर से एक लाख रुपए का इनाम घोषित है। एसपी कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की है।

****************

उधर, देवघर जिले के करौं थाना क्षेत्र से पुलिस को 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। ये सभी फर्जी बैंक पदाधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि, क्रेडिट कार्ड पदाधिकारी बनकर आमलोगों के साथ ठगी करते थे। इनके पास से 20 मोबाइव फोन, 20 सिम कार्ड समेत कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ अक्तूबर तक बारिश के साथ वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल भी गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। साथ ही कहा है कि अब तापमान में भी धीरे–धीरे गिरावट दर्ज की जायेगी। इससे सुबह और शाम में ठंड का एहसास होगा।

********समाप्त********